समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# भारत को हराकर इंग्लैडं WTC रैकिंग मे नंबर 1 पर, जाने टीम इंडिया अब किस स्थान पर है।

Publisher
Published on 25 Jun 2025



## लीड्स टेस्ट मे इंग्लैडं की 5 विकेट से जीत ने वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप की अंक तालिका मे मंचाई हलचल, भारत खिसका चौथे नंबर पर।

**नई दिल्ली, 25 जून 2025:** इंग्लैंड ने लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में भारत के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज कर **ICC वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप (WTC) 2023-25** की **पॉइंट्स टेबल** में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस जीत से जहां इंग्लैंड को 12 अहम अंक मिले, वहीं भारत को इस हार से बड़ा झटका लगा और वह सीधे **चौथे स्थान** पर फिसल गया।

पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज के पहले मुकाबले में **इंग्लैडं ने भारत को 5 विकेट से हराया** और अब उनका **जीत प्रतिशत (PCT) 100%** हो गया है। दूसरी तरफ **भारत का PCT घटकर 0% पर आ गया** है क्योंकि टीम को हार के कारण कोई अंक नहीं मिला।

**WTC 2023-25 पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति :**

| **स्थान** | **टीम** | **अंक** | **PCT (%)** |
|---|---|---|---|
| 1 | इंग्लैंड | 12 | 100 |
| 2 | बांग्लादेश | 4 | 33.33 |
| 3 | श्रीलंका | 4 | 33.33 |
| 4 | भारत | 0 | 0 |

**WTC के पिछले दो चक्रों मे भारत का प्रदर्शन**

भारत ने **2019-21 WTC** चक्र में नंबर 1 स्थान हासिल किया था और **2021-23 सीज़न मे फंाइनलिस्ट** रहा। लेकिन इस बार 2023-25 के नए चक्र की शुरुआत टीम इंडिया के लिए खराब रही है। भारत ने अपने पिछले **8 टेस्ट मे 6 हार झेली** है और अगर टीम को फाइनल की दौड़ में बने रहना है तो आगे के सभी मुकाबले जीतने होंगे।

**टीम इंडिया का आगामी टेस्ट शेड्यूल :**

**भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज :**

**दूसरा टेस्ट :** 2-6 जुलाई | एजबेस्टन

**तीसरा टेस्ट :** 10-14 जुलाई | लॉर्ड्स

**चौथा टेस्ट :** 23-27 जुलाई | मैनचेस्टर

**पांचवां टेस्ट :** 31 जुलाई – 4 अगस्त | द ओवल

घरेलू सीरीज:

**वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट (अहमदाबाद, दिल्ली)**

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट (कोलकाता, गुवाहाटी)**

**गिल की कप्तानी मे टीम इंडिया के सामने कड़ी चुनौती**

शुभमन गिल की कप्तानी में भारत को अब **WTC फाइनल** में पहुंचने के लिए हर टेस्ट मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। टीम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए अब एक भी हार भारत को खिताबी दौड़ से बाहर कर सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.